# SPDM GOVT. GIRLS COLLEGE, KOTPUTLI

## BEST PRACTICES-1

## "WOMEN EMPOWERMENT"




दैनिक भास्कर
18-11-22



### संवैधानिक अधिकारों की जानकारी

भास्कर न्यूज़| कोटपूतली

राजकीय पाना देवी मोरीजावाला पीजी कॉलेज में गुरूवार को राजस्थान राज्य महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा ने छात्राओं को संवैधानिक व विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, यौन उत्पीड़न सुरक्षा अधिनियम 2013, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के उपचारात्मक व निदानात्मक प्रावधानों से अवगत करवाया। समन्वयक डॉ. कमलेश यादव ने केन्द्र व राज्य सरकार की महिला व छात्रा कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। प्रो विमल कुमार यादव ने बताया कि केवल कानूनी प्रावधान से ही महिला सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, बल्कि सामाजिक जागरूकता व अच्छे परिवेश के द्वारा ही महिलाओं के प्रति अपराध की रोकथाम की जा सकती है। संचालन प्रो.विशम्भर दयाल ने किया।

11 march, 2023

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में महिलाओं को दी कानूनी जानकारी



सीमा संदेश संवाददाता

कोटपूतली। स्थानीय पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. भावना चौधरी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश यादव के द्वारा स्वयं सेविकाओं को योग और मैडिटेशन विषय पर व्याख्यान एवं स्वयंसेविकाओं ने योगाभ्यास किया। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं के द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की एवं पेड़-पौधों में पानी डाला। द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ने शादी, दहेज, सम्पत्ति के संबंध में महिलाओं के अधिकार घरेलू हिंसा, एसिड अटैक, यौन शोषण आदि विषयों पर कानून की धाराओं पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता मंजू ने छात्राओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, विशाखा गाइडलाईन्स, आंतरिक शिकायत निवारण समिति तथा शिकायतों के संबंध में हैल्पलाईन नम्बर की जानकारी प्रदान की। प्रो. प्रतिभा पोसवाल ने स्वयंसेविकाओं को महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों की जानकारी प्रदान करतें हुए महिलाओं के विरूद्ध होने वाली हिंसा की रोकथाम के लिए प्रभावी कानून प्रावधान किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो.

पानादेवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में 10 मार्च 2023 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वाधान में प्राचार्य डा. भावना चौधरी, अधिवक्ता बजरंग लाल शर्मा, व मंजू शर्मा के सहयोग से एक दिवसीय "महिला सशक्तीकरण विधिक जागरूकता शिविर" का आयोजन किया गया।

प्राचार्य
श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला
राजकीय कन्या महाविद्यालय
कोटपूतली (जयपुर) [illegible]

पत्रिका

11.03.23

## कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर

# घरेलू हिंसा से जुड़े कानून की दी जानकारी



कोटपूतली कन्या महाविद्यालय में बौद्धिक सत्र में मौजूद अतिथि।

**कोटपूतली @ पत्रिका.** राजकीय पानादेवी मोरीजावाला कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को योग और मेडिटेशन पर व्याख्यान हुआ। छात्राओं ने योगाभ्यास किया। बौद्धिक सत्र में अधिवक्ता बजरंगलाल शर्मा ने महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा आदि विषयों से जुड़े कानून के बारे में जानकारी दी। अधिवक्ता मंजू शर्मा ने छात्राओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, विशाखा गाइडलाइंस व आंतरिक शिकायत निवारण समिति व शिकायतों के संदर्भ में हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। प्रोफेसर प्रतिभा पोसवाल ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा की रोकथाम के लिए प्रभावी कानून की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रोफेसर प्रिया खंगरावत ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सामाजिक जागरुकता की आवश्यकता जताई। प्राचार्य डॉ. भावना चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रोफेसर विशंभर दयाल, मनोज कुमार सैनी, उदयवीर, विमल कुमार यादव, चंचल कुमारी व ओम प्रकाश कपूरिया आदि उपस्थित रहे। (नि.सं.)

Date: 11/03/2023, Edition: Kotputli, Page: 17
Source : https://epaper.patrika.com/

# पाना देवी पीजी कॉलेज में त्रिस्तरीय पंचायती राज एवं ग्राम सभा के कार्यों पर कार्यशाला



**भास्कर न्यूज़ | कोटपूतली**

राजकीय पाना देवी पीजी कॉलेज में मंगलवार को प्राचार्या डॉ भावना चौधरी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत में महिला की भागीदार, सरपंच द्वारा किए जाने वाले कार्य विषयों पर कार्यशाला हुई जिसमें पार्षद मनोज मीणा ने छात्राओं को त्रिस्तरीय पंचायती राज एवं ग्राम सभा के कर्तव्य, आय के साधन एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पढ़ी-लिखी महिलाएं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा सकती हैं। प्रो मनोज कुमार सैनी, प्रो चंचल कुमार, प्रो ओमप्रकाश कपूरिया, प्रो प्रिया खंगरावत ने कहा कि 73वें सविंधान संशोधन के बाद महिलाओं को पंचायती राज में चुनाव लड़ने का अधिकार प्राप्त हुआ। संचालन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ कमलेश यादव व प्रो प्रतिभा पोषवाल ने सयुंक्त रूप से किया।




विश्व अहिंसा दिवस
राजस्थान राज्य महिला
नीति-2021
Dowry Act
श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय
शक्ति उडान योजना
वितरण योजना
GPS Map Camera
Kotputli, Rajasthan, India
Jaipur, NH-8, Kotputli Road, Kotputli, Kotputli, Rajasthan
303108, India
Lat 27.704003°
Long 76.190975°
17/11/22 12:53 PM GMT +05:30
Google


राष्ट्रीय सेवा योजना
महाविद्यालय परिवार
महिला नीति
GPS Map Camera
Kotputli, Rajasthan, India
P54V+F4J, near Pana Devi Girls PG collage, Kotputli, Rajasthan
303108, India
Lat 27.704296°
Long 76.191683°


GPS Map Camera
Kotputli, Rajasthan, India
P54V+F4J, near Pana Devi Girls PG collage, Kotputli, Rajasthan
303108, India
Lat 27.704296°
Long 76.191683°

Dr. Kamlesh

14.12.2022



# छात्राओं को बैंकिंग योजनाओं की दी जानकारी

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। स्थानीय डाबला रोड स्थित श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को राज्य महिला नीति 2021 के अन्तर्गत छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. भावना चौधरी ने बताया कि छात्राओं को दैनिक जीवन में बैंकों के द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिये। मुख्य वक्ता ग्रामीण विकास अधिकारी विक्रम सैनी, यूनियन बैंक से तरूण राजोरिया ने छात्राओं को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। संचालन डॉ. कमलेश यादव ने किया। प्रो. प्रतिभा पोषवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय
राज्य महिला नीति
14-दिसम्बर
2022
श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटपूतली
राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई प्रथम व द्वितीय
महाविद्यालय परिवार
GPS Map Camera
Kotputli, Rajasthan, India
Jaipur, NH-8, Kotputli Road, Kotputli, Kotputli, Rajasthan
303108, India
Lat 27.704103°
Long 76.191023°
14/12/22 01:10 PM GMT +05:30
Google

महिला नीति 2023

Health check.up

**दैनिक भास्कर** जयपुर जिला शाहपुरा 16-03-2023

# पाना देवी कॉलेज में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन



कोटपूतली | राजकीय पाना देवी पीजी कॉलेज में चल रहे 7 दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को डॉ महेन्द्र पलसानियां के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ भावना चौधरी की अध्यक्षता में समापन हुआ। अतिथियों ने कहा कि स्वच्छ जीवन शैली से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है साथ ही शिविर स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी निर्वहन की भावना उत्पन्न करने तथा कर्तव्य की मनोदशा को विकसित करने में सहायक है। विशिष्ट अतिथि डॉ जगदीश खार ने बालिकाओं को किशोरवस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलाओं के बारे में बताया। नोडल अधिकारी डॉ कमलेश यादव ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रो विमल कुमार यादव एवं प्रो प्रतिभा पोषवाल ने संचालन किया। इस मौके पर प्रो विशंभर दयाल, डॉ उदयवीर, प्रो मनोज कुमार सैनी, प्रो ओमप्रकाश कपूरिया, प्रो प्रिया, प्रो चंचल, रोशनलाल, रमेश कुमार गुर्जर आदि उपस्थित थे।





# सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन

कोटपूतली। राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किये जा रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बुधवार को बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. महेन्द्र पलसानियां के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को उन्नत बनाये रखने एवं स्वच्छ जीवन शैली की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में बतौर मुख्य वक्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गोविन्द कहार ने महिला एवं छात्राओं से सम्बंधित विभिन्न बीमारियों, समस्याओं व उनके समाधान की जानकारी दी। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. भावना चौधरी ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करने की भावना उत्पन्न करने की बात कही। नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश यादव ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. विमल कुमार ने संचालन व प्रो. प्रतिभा पोषवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रो. विशम्भर दयाल, डॉ. उदयवीर तोषावर, प्रो. मनोज कुमार सैनी, प्रो. ओमप्रकाश कपूरिया, प्रो. प्रिया, प्रो. चंचल, रोशन लाल व रमेश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



कार्यालय प्राचार्य, श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटपूतली

01421 249112

ई–मेल आई–डी pdmgovtgirlscollege@gmail.com

दिनांक 12.12.2019

कमांक

# प्रेस नोट

श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटपूतली में महिला सुरक्षा एवं कानूनी अधिकार विषय पर सेमीनार आयोजित हुआ। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली श्री भरत लाल मीणा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार शर्मा ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। डॉ. शर्मा ने बताया कि महिला सुरक्षा के आवश्यक मूल कारणो पर सभी को चिन्तन करने की आवश्यकता है। छात्राऐ इसमें विशेष रचनात्मक भूमिका निभा सकती है।

मुख्य अतिथि श्री भरत लाल मीणा ने अत्यन्त सहज व सरल तरीके से छात्राओं व संकाय सदस्यों को महिला सुरक्षा एवं कानूनी अधिकार विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि किसी भी समस्या से लडने के लिए महिलाओं एवं छात्राओं में आत्म विश्वास व विवेक दोनो होने चाहिए एवं टूल के रुप में उपयोग नही होने देने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त उन्होने आत्म रक्षा के गुरो की जानकारी दी। उन्होनें समाज की रुढिवादिता पर कटाक्ष व्यंग्य किया। उन्होने बताया कि 15–21 वर्ष की अवस्था में युवक युवतियॉ अपरिपक्वता के कारण गलत कदम उठा लेते है। उन्होनें महिला सुरक्षा से सम्बन्धित कई अधिनियम व धाराऐ बतायी। इसके साथ ही उन्होने गाडी चलाते हुये सीट बैल्ट लगाने, शराब नही पीने, यातायात नियमों का पालन करने, अधिक गति पर वाहन ना चलाने एवं गाडी की फिटनेस मेनटेन रखने पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीडन एवं पोक्सो एक्ट पर प्रकाश डाला। कार्यकम का संचालन डॉ. सुगन भाटिया द्वारा किया गया। उन्होने समाज एवं पुलिस विभाग के मध्य विश्वास के वातावरण पर बल दिया। कार्यकम मे महाविद्यालय के शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्राऐ उपस्थित रही। कार्यकम के अन्त में छात्राओं ने आत्म रक्षा एवं महिला सुरक्षा के बारे में प्रश्न पुछे। जिनका श्री मीणा जी ने विस्तार से जबाब दिया। बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा निकिता बंसल द्वारा धन्यवाद दिया गया।

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय,
कोटपूतली

**कार्यालय प्राचार्य, श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटपूतली**

क्रमांक : राकमको / स्था / 2022

दिनांक – 20.01.2023

## प्रेस–नोट

श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटपूतली में "राजस्थान राज्य महिला नीति–2021 (2022–23)" की वार्षिक गतिविधियों के अन्तर्गत आज दिनांक 20.01.2023 को नई तकनीकी का प्रयोग– कृषि क्षेत्र विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ भावना चौधरी ने मुख्य वक्ता श्री पवन सिंह लाम्बा, शाखा प्रबन्धक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, कोटपूतली का स्वागत करते हुए बताया कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र में नई–नई तकनीकी के आ जाने पर सरकार के द्वारा बैंको द्वारा दिये जाने वाले ऋण आम जन के लिए अत्यन्त उपयोगी है। श्री लाम्बा ने कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीको को बढावा देने के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न बैंक ऋण सुविधाओं के बारे में विस्तार से छात्राओं को जानकारी दी। जिससे वर्तमान समय में आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोगों को आर्थिक सहायता मिल सके, और सरकार के द्वारा चलाये जा रही ऋण सम्बन्धी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सके।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश यादव ने बताया कि बैंको के द्वारा दी जाने वाली ऋण सूविधाओं के माध्यम से कमजोर वर्ग के लोग कृषि क्षेत्र में अच्छी उपज एंव पैदावार कर सकते हैं। कार्यक्रम में समस्त स्टॉप एवं छात्राऐं उपस्थित रही।

(हस्ताक्षर) 20/1/23

(डॉ भावना चौधरी)
कार्यवाहक प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
कोटपूतली